# Government Degree College

Ani at Haripur, District Kullu, Himachal Pradesh

# Alumni Bonds

A SOUVENIR

2024-2025

# विनम्र श्रद्धांजलि



स्वर्गीय श्री हरि राम जी की पुण्य स्मृति में जिनके अथक प्रयासों से
आनी क्षेत्र में उच्च शिक्षा की लौ प्रज्वलित हुई तथा
राजकीय महाविद्यालय आनी अस्तित्व में आया।

# CONTENTS


| | | |
|---|---|---|
| 1. | संदेश | डॉ. दिनेश सिंह कंवर |
| 2. | संदेश | दीवान राजा |
| 3. | संपादकीय | निर्मल सिंह |
| 4. | Reflections on My College Journey: BA, 2013-2016 | Seema |
| 5. | स्मृतिशेष | निर्मल सिंह |
| 6. | My Unforgettable Journey at Government Degree College Ani | Rahul Chaudhary |
| 7. | यादगार लम्हें | साक्षी |
| 8. | Graduated from Govt. Degree college Ani | Nikhil Thakur |
| 9. | रास्ते वहीं और मैं उस पार | कैलाश |
| 10. | राजकीय महाविद्यालय आनी में मेरी अनुभव यात्रा | साहिल वर्मा |
| 11. | राजकीय महाविद्यालय आनी मेरे लिए सिर्फ नामात्र नहीं है | गगन |
| 12. | मेरे कॉलेज जीवन का अनुभव | आँचल ठाकुर |
| 13. | Photo Album | |



# Message

Dear Alumni,

With immense pleasure I contribute this message to the Government Degree College, Ani - Old Students Association's Souvenir, "Alumni Bonds". This souvenir is a testament to the enduring bond between our institution and its proud graduates. On behalf of the entire college community, I extend my warmest congratulations to the Old Students Association for their dedication in publishing this wonderful collection at the proud occasion of the twentieth foundation year of this college.

This souvenir serves as a vibrant reminder of the legacy our alumni have built, not just in their respective careers, but also in shaping the reputation of this college. We are incredibly proud of the diverse paths you have forged, the successes you have achieved, and the positive impact you are making on the world. Your accomplishments are a direct reflection of the values and education instilled within these very walls. Beyond your personal achievements, your continued care for your alma mater resonates deeply. We are grateful for the alumni who actively engage with the college, offering mentorship to current students, contributing to our development projects, and sharing their invaluable experiences. This connection is vital to the continued growth and progress of our institution.

As we move forward, I anticipate and urge even greater alumni engagement. Your insights, expertise, and philanthropy can significantly contribute to enhancing the college's infrastructure, academic programmes, and overall learning environment. Let us work together to ensure that Government Degree College, Ani at Haripur continues to flourish, providing future generations with even better opportunities for their overall development.

Thank you to all our alumni for being such a source of cooperation and inspiration. We look forward to a continued and prosperous partnership.

I believe that with the persistent efforts of the OSA President, Mr. Diwan Raja, as well as the Office Bearers, Assistant Professors Mr. Nirmal Singh and Mrs. Seema Verma, who work in this college, along with other alumni, this institution will serve as guidance and inspiration to future generations.

Congratulations to everyone on the college's twentieth anniversary!

Sincerely,

**Dr. Dinesh Singh Kanwar**
**Principal**



# संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि राजकीय महाविद्यालय, आनी स्थित हरिपुर जिला कुल्लू के ''पूर्व छात्र संघ'' द्वारा ''एल्युमिनाय बॉन्ड्स'' स्मारिका के पहले संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्मारिका में महाविद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों व पूर्व विद्यार्थियों के रचनात्मक लेखों को प्रकाशित किया जाएगा जो अति सराहनीय कदम है। यह स्मारिका निश्चित तौर पर यहां अध्ययनरत पूर्व विद्यार्थियों की सृजनात्मक योग्यताओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थियों में सृजनशीलता का गुण प्राकृतिक तौर पर होता है। महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ ने भी इस स्मारिका के माध्यम से अपनी अनुपम सृजनशील योग्यता का परिचय दिया है। महाविद्यालय से प्रशासनिक सेवा, स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग, सेना, न्यायिक सेवा, शिक्षा, राजनीति समेत अन्य क्षेत्र में कई हीरे तराशे हैं।

प्राचार्य डॉ॰ कुँवर दिनेश सिंह जी के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय ने जहाँ शैक्षिक, खेलकूद, सांस्कृतिक व विज्ञान जगत समेत अन्य क्षेत्रों में हमारे इस दुर्गम क्षेत्र का नाम रोशन किया वहीं, राजकीय महाविद्यालय आनी राज्य स्तरीय कॉलेज रैंकिंग सूची में शीर्ष दस कॉलेजों में शामिल हुआ है।

मैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ कुँवर दिनेश सिंह, पूर्व विद्यार्थियों, संपादक मण्डल, समस्त महाविद्यालय स्टाफ को पूर्व छात्र संघ की पहले संस्करण की स्मारिका के प्रकाशन हेतु बधाई देता हूँ तथा पूर्व व वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

**दीवान राजा**
**अध्यक्ष, पूर्व छात्र संघ**
**राजकीय महाविद्यालय, आनी**



# संपादकीय

हिमाचल प्रदेश सोसाइटी रेजिस्ट्रेशन एक्ट, 2006 (Act No. 25 of 2006) के नियमों के अंतर्गत दिनांक 12 अप्रैल 2021 को पूर्व छात्र संघ, राजकीय महाविद्यालय आनी (Old Students Association, Govt. Degree College, Ani) का पंजीकरण किया गया। पूर्व छात्र संघ महाविद्यालय के भौतिक विकास एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के उन्नयन हेतु प्रतिबद्ध है। अपने गठन के उपरांत पूर्व छात्र संघ महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम, छात्रों के लिए करियर मार्गदर्शन व्याख्यान श्रृंखलाएं एवं छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर चुका है।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर के मार्गदर्शन द्वारा पूर्व छात्र संघ, राजकीय महाविद्यालय आनी एक स्मारिका प्रकाशित करने जा रहा है। स्मारिका प्रकाशन के प्रेरणापुंज डॉ. दिनेश सिंह कंवर जी के प्रति मैं पूर्व छात्र संघ की ओर से अपना आभार निवेदित करता हूँ जिनके आशीर्वाद से पूर्व छात्र संघ स्मारिका के प्रकाशन में सफल हो सका है। प्रस्तुत स्मारिका के प्रकाशन हेतु पूर्व छात्रों ने अपना रचनात्मक सहयोग प्रदान किया है जिनके संस्मरणों एवं अमूल्य आलेखों द्वारा स्मारिका निश्चित रूप से समृद्ध हुई है। इस स्मारिका को प्रकाशित करने में जिन महानुभावों ने भी प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अपना सहयोग प्रदान किया है उनका विशेष आभार।

**निर्मल सिंह**
**सचिव, पूर्व छात्र संघ**
**राजकीय महाविद्यालय, आनी**

## Reflections on My College Journey: BA, 2013-2016

As I look back on my time at college, I realize how transformative those three years were. From 2013 to 2016, I spent my time at GDC Ani at Haripur, pursuing a Bachelor of Arts degree with a major in Economics and minors in Geography and Sociology. This journey not only shaped my academic knowledge but also helped me grow as an individual. It feels like it was just yesterday that I walked into college with a mix of excitement and uncertainty, but today, I look back with gratitude for the experiences that helped define my path.

When I first started college in 2013, I was filled with expectations, but I had no idea how much I would change. The transition from school to college was not easy. My college was located 7 kilometres away from the main town, and it was only accessible by the college bus that came from the Anni. This made commuting a bit difficult, especially because there was only one bus servicing the route. Sometimes, after finishing my classes, I would have to wait long hours for the bus, and on a few occasions, the bus would be so late that I wouldn't get home until as late as 6 pm. This was one of the biggest challenges, as the long commute and the uncertainty of the bus timings often led to frustration. But over time, I got used to the routine, and the experience taught me patience and time management

Our batch was the first to be part of the RUSA program, and I chose Economics as my major, a subject that opened my mind to the complexities of the economy and society. Along with Economics, I also explored other subjects like Geography, where I created a model on plate tectonics, which helped me understand the dynamic nature of our planet. For my project, I researched the architecture of Magru Mahadev Temple, combining history with architecture to explore its cultural significance. One of the most influential people in my academic life was Professor Prem Prakash Verma, who taught Economics. His insightful lectures and guidance greatly shaped my understanding of the subject. These experiences helped me grow not only academically but also personally, preparing me for future challenges.

One of my fondest memories from college was during the annual function in my first year. I was wrapping gifts, and I didn't think I would receive any prize because I assumed the awards were only for final exams. I had already decided that I would try to win a prize in the next annual function. What I didn't know was that prizes were also given based on minor tests. I had topped my Geography minor test, and when the prize distribution ceremony began, my name was called out. I was filled with immense joy, as I had never expected it. That day became one of the happiest and most memorable moments of my college life, and it's something I will always cherish.

If I could offer advice to current students, it would be this: embrace every opportunity, both inside and outside the classroom. Don't be afraid to challenge yourself and step outside your comfort zone. College is not just about getting grades; it's about discovering who you are and what you're truly passionate about. Also, don't hesitate to ask for help when needed whether it's from a professor, a classmates.

My time at GDC Ani at Haripur from 2013 to 2016 was a journey of growth, learning, and self-discovery. It was a time filled with both challenges and triumphs, but ultimately, it shaped me into the person I am today. As I look back on those years, I am filled with gratitude for the lessons, friendships, and experiences that I gained during those transformative years. College truly was an unforgettable chapter in my life, and I will always cherish the memories it gave me.

**Seema Verma**
**Vice-President, OSA**
**Govt. Degree Collge, Ani**

# स्मृतिशेष

राजकीय महाविद्यालय आनी मेरे लिए बस एक संस्थान का नाम नहीं एक एहसास है। इस एहसास को जितना महसूस करता हूँ उतना इस संस्थान से जुड़ा हुआ पाता हूँ। आनी महाविद्यालय में मेरी शैक्षणिक यात्रा वर्ष 2008 से शुरू होती है। दूसरे युवाओं की भांति मैं भी इस पसोपेश में था कि बारहवीं की परीक्षा पास करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए किस क्षेत्र को चुना जाए? उस समय सामने विकल्प थे ड्राईंग मास्टर की ट्रेनिंग, आईटीआई, कंप्यूटर और कॉलेज। विकल्प चुनने की माथापच्ची से बचता हुआ मैं उन युवाओं के उस सेलाब के साथ हो लिया जो कुछ नहीं करना है तो कॉलेज करो वाली स्थिति में होते हैं। जीवन में नितांत लक्ष्यहीन मैं अंततः वर्ष 2008 के जुलाई महीने में राजकीय महाविद्यालय आनी की ओर रूख किया और कला स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षा में प्रवेश लिया। उन दिनों महाविद्यालय अपनी शैशवावस्था में था। अभी महाविद्यालय की स्थापना को दो वर्ष ही हुए थे। महाविद्यालय की कक्षाएं अस्थायी भवन में आनी कस्बे में ही चलती थीं। यह अस्थायी भवन कस्बे के मध्य में स्थित दुर्गा माता मंदिर का सराय भवन। तीन मंजिला सराय भवन में मुश्किल से तीन या चार छोटे–छोटे कमरे महाविद्यालय को मिले थे। मुझे अच्छे से स्मरण है जुलाई माह में जब मैं कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए यहां पहुँचा तो पहली दृष्टि भवन के बाहर राजकीय महाविद्यालय आनी के टँगे बोर्ड पर पड़ी। उस बोर्ड को देखते ही एक नई ताजगी और प्रसन्नता से मन भर गया। तनिक गर्व की अनुभूति का मिश्रण भी साथ था कि अब मैं बच्चा नहीं रहा बड़ा हो गया हूँ क्योंकि अब मैं कॉलेज स्टूडेंट कहलाऊँगा। वर्दी, स्कूल बैग जैसी तमाम चीजों से मैं स्वतन्त्र होकर अब एक उन्मुक्त पखेरू की तरह आनी कॉलेज की इस छोटी–सी वाटिका में विचरण करूँगा। कभी बड़े शहरों में नहीं गया था न कभी संजौली, कुल्लू, रामपुर के महाविद्यालय देखे थे न वहां के चर्चे सुने थे। यदि ऐसा होता तो ये हो सकता था कि मुझे उस समय तीन–चार कमरों में सिमटे आनी महाविद्यालय को देखकर निराशा उपजती और मैं यहाँ एडमिशन लेने में रूचि न दिखाता। लेकिन मैं एक गाँव के स्कूल से निकला तब तक माँ–बाप के कड़े अनुशासन में पला–बड़ा साढ़े सोलह साल का अल्हड़ किशोर कॉलेज की चकाचौंध क्या समझता? मैं उन चार कमरों को देखकर भी खुशी और उत्साह से भर गया। सराय भवन की दूसरी मंजिल के पहले कमरे में प्रशासनिक कार्यालय, दूसरे में प्राचार्य कक्ष और अन्य दो कमरों में भी कुछ फर्नीचर भरा था। प्रशासनिक कार्यालय के छोटे से कमरे में खचाखच भरी कुर्सियाँ, मेज और अलमारियाँ और एक कोने में बेहद तंग जगह पर बैठे एक लिपिक। सच कहूँ तो मुझे उस कमरे में घुटन का एहसास हुआ। सोचा इतनी तंग जगह पर बाबू जी कैसे काम करते होंगे? बहरहाल मैंने उनसे प्रोस्पेक्टस लिया, फॉर्म भरा और एडमिशन फीस चुकाकर आनी कॉलेज का बोनाफाइड स्टूडेंट होने की योग्यता प्राप्त कर ली।

मुझे स्मरण है जुलाई के अंतिम सप्ताह में ही कॉलेज की कक्षाएं शुरू हो गई। घर में निर्धारित हुआ कि क्वार्टर लेने की कोई जरूरत नहीं है। एचआरटीसी का स्टूडेंट कन्सेशनल पास बनाकर घर से आना–जाना करना है तीन साल। उन दिनों रूसा सिस्टम लागू नहीं हुआ था इसलिए कॉलेज में दो से तीन कक्षाएं ही मुश्किल से होती थी। इसलिए एचआरटीसी बसों में धक्के खाते मैं अपनी तीन वर्षों की कॉलेज यात्रा पर निकल पड़ा। कॉलेज पहुँचा तो देखा कॉलेज में कक्षा लगाने के लिए कोई कमरा है ही नहीं। सराय भवन में चल रहे कॉलेज के पास सराय भवन की छत लैंटर ही एकमात्र विकल्प था कक्षाओं के लिए। 2006 में शुरू हुए महाविद्यालय में 2008 में एनरोल मेरा तीसरा बैच था। मेरे बैच ने महाविद्यालय को सम्पूर्णता प्रदान की थी अब तीनों कक्षाओं में स्टूडेंट्स एनरोल थे। एक लैंटर पर तीन कक्षाओं के विभिन्न विषयों का संचालन महाविद्यालय प्रशासन के लिए चुनौती भरा काम था। विस्मय इस बात का था कि उस भवन में दो वर्षों से कॉलेज चल रहा था। उन दो वर्षों में कॉलेज प्रशासन ने कैसे कक्षाएं संचालित की होंगी ये सोचने लायक विषय है।

कॉलेज खुलकर तीसरा वर्ष हो गया था। सराय भवन के उस लैंटर के ऊपर महज एक आदमी के चलने लायक संकरी सीढ़ियाँ थी। पहले एक क्लास के बच्चे अपनी कक्षा हेतु लैंटर पर चढ़ते और दूसरी क्लास के बच्चों को नीचे सड़क पर प्रतीक्षा करनी होती। सराय भवन के गलियारों में इतनी जगह ही नहीं थी कि वहां बच्चे रूकते। अगस्त, सितम्बर की उमस भरी आनी शहर की गर्मी और उस गर्मी में खुली सड़क पर अपनी क्लास के लिए प्रतीक्षारत आनी महाविद्यालय के छात्र, सोचिए क्या दृश्य रहता होगा। जब क्लास खत्म होती तो छात्रों को एक–एक करके संकरी सीढ़ी से नीचे उतरना होता था। जिसमें बहुत समय लग जाता था। ऊपर चढ़ने के लिए अपनी बारी का वो इंतजार इतना कठिन होता कि उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकूँगा। जैसे तैसे लैंटर पर आते। खुली छत और दोपहर 12 बजे की चटक धूप में क्लास लगाने का अनुभव अवर्णनीय है। मंदिर सराय के साथ पीपल का एक विशाल वृक्ष था। उसकी लंबाई तिन मंजिला सराय भवन से ऊँची थी। उस चिलचिलाती गर्मी में उस पीपल की छाया ही हमें उस गर्मी से परित्राण देती थी।

लगभग तीन महीने तक ऐसे ही चलता रहा। तब कहीं ये सुनने में आया कि जो ट्राईबल गर्ल्स हॉस्टल की भव्य इमारत आनी श्हार के ठीक पीछे बनी है उसे कॉलेज कक्षाओं के संचालन हेतु देने की सरकार ने घोषणा की है। दरअसल ट्राईबल गर्ल्स हॉस्टल का वो भव्य भवन खाली पड़ा था इसलिए उसका सदुपयोग करने के लिए उसे कुछ समय तक कॉलेज को दे दिया गया। आजकल उस भवन में सरकारी गर्ल्स स्कूल चल रहा है। जब हमने ये खबर सुनी तो सब छात्र खुशी से झूम उठे। ऐसा लगा की कॉलेज को अपना भवन मिल गया हो। वैसे कॉलेज का अपना भवन हरिपुर में बन रहा था जो अभी निर्माणाधीन था। मुझे आज भी याद है सराय भवन के जिन छोटे–छोटे कमरों में कुछ डैस्क भरे थे वो छात्रों ने खुद उठाकर गर्ल्स हॉस्टल की उस बिल्डिंग तक पहुँचाए थे। उन डैस्कों को उठाते हम सब छात्र रानी बेला होकर ऐसे उठा रहे थे जैसे हम कह रहे हों सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। बहरहाल कॉलेज सराय भवन से गर्ल्स हॉस्टल की भव्य इमारत में शिफ्ट हुआ। यहाँ उस समय की छात्र संख्या के अनुरूप पर्याप्त स्थान था। अब उस भयंकर गर्मी एवं बारिश में क्लास लगाने के झंझट से आनी कॉलेज के छात्रों को मुक्ति मिल चुकी थी।

महाविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में शिफ्ट होने के उपरांत महाविद्यालय का व्यवस्थित ढंग से संचालन आरंभ हुआ। डॉ॰ विकास सिंह, डॉ॰ के॰सी॰ कश्यप, प्रो॰ जी॰आर॰ कटोच, प्रो॰ रमन जसवाल, सुश्री सुनीता शर्मा जैसे शिक्षकों का सानिध्य प्राप्त हुआ। बीए प्रथम और द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं के लिए रामपुर महाविद्यालय जाना पड़ा। अंततः 2011 में आनी महाविद्यालय में परीक्षा केन्द्र स्थापित हुआ और मैंने अपनी बीए अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आनी महाविद्यालय में ही दी। वर्ष 2011 में मैंने अपनी बीए पूरी की। तीन वर्षों की महाविद्यालय यात्रा पूरी हुई। विकास सर और सुनीता मैडम के मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहूँगा। महाविद्यालय के प्रति सदैव कृतज्ञ हूँ। बस एक बात का मलाल रहा मैं महाविद्यालय के हरिपुर में बने अपने भव्य भवन में अध्ययन नहीं कर सका। अध्ययन तो नहीं कर पाया लेकिन अध्यापन का अवसर मुझे इस महाविद्यालय ने अवश्य दिया। जून 2011 में बतौर छात्र इस महाविद्यालय से पासआउट हुआ और 03 नवंबर 2020 के दिन मैं बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी इस महाविद्यालय में सेवाएं जॉइन करने आया। ये दिन मेरे जीवन का सम्भवतः सबसे विशेष दिन था। जब में जॉइन करने महाविद्यालय गेट ओर पहुँचा तो कोविड काल के चलते मुख्य गेट पर एक महिला सभी आने वालों को बॉडी टैमपरेचर जाँच रही थी। मैंने पहचान लिया और ये महिला और कोई नहीं सब छात्रों की प्रिय गोकलु आंटी थी। गोकलु आंटी महाविद्यालय के वही पीओन थी जो तब से महाविद्यालय में सेवा दे रही थी जब मैं यहां छात्र था। मैंने उन्हें याद दिलाया। वे बेहद खुशी के साथ बोली कि आप प्रोफेसर बनकर इस कॉलेज में नौकरी करने आ गए और मैं तब से यहीं पर डटी हूँ। उस दिन मेरा एक बड़ा सपना साकार हुआ था और इस सपने को साकार करने में इस महाविद्यालय और यहां के शिक्षकों का सहयोग ही प्रमुख था।

**निर्मल सिंह**

**पूर्व छात्र (2008–2011 बैच)**

# My Unforgettable Journey at Government Degree College, Ani

As I look back on my time at GDC Ani, I am filled with nostalgia and gratitude, My 3 year at this strumed institution were truly transformative, shaping me into the person I am today.

The college's rigorous curriculum and exceptional faculty helped me develop a strong foundation in English and History. Their guidance and encouragement pushed me to excel academically.

I was actively involved in NSS, English Literary Society, as well as part of CSCA, which provided a platform to explore my passions and develop leadership skills. Our college's functions was a highlight, showcasing our talent and teamwork.

GDC Ani became my second home, where I formed lifelong friendships and connections. The supportive environment and guidance from mentors helped me overcome challenges and discover my strengths.

Some significant hurdle was Lack of communication skills, lack of confidence and stage fear. However, with the help of my professors and peers, I persevered and developed resilience.

Some of my cherished memories include NSS 7 days special camp [ from 31-10-2022 to 06-01-2023], Farewell, and other functions. During 7 days special camp, I was able to know my potential of management skill, leadership skill, and team work. We also celebrated New Year (2023) during our camp, which is one of my best moment in my life.

Critical thinking and problem-solving, Effective communication and teamwork, Adaptability and resilience, Importance of networking and mentorship, politeness and punctuality.

After graduating, I decided to continue my further studies. My aim in life is to be an IPS officer and my goal in life is to be an honest and good human. The skills and confidence gained at GDC Ani will be invaluable in my upcoming professional life .GDC Ani helped me to lay my basic foundation for my future. Some professors were more like family members who helped me in my bad days and situation. Their mentorship, values given by them helped me a lot in my personal life.

Embrace every opportunity, take risks, and build meaningful relationships. Your time at GDC Ani is a foundation for life; make the most of it.

My experience at GDC Ani was transformative. I am proud to be an alumnus of this esteemed institution. The lessons, memories, and values instilled in me continue to guide me. I'll always follow their guidance and make my college's name proud.

**Rahul Chaudhary**
**Alumni, Govt. Degree College Ani**
**Batch : 2020-23**

# यादगार लम्हें

समय गुजरता है न जल्दी, न देर से, बस अपनी रफ्तार से। यह जानते हुए भी लगता है कि पिछले तीन साल कितनी जल्दी गुजर गए। उम्मीदों से शुरू हुआ सफर निराशा के बवंडर से होता हुआ भावुकता तक पहुँचता है, उदास कर देता है। क्यों? पता नहीं। जब मैं महाविद्यालय आयी थी तब लगता था कि कब पढ़ाई पूरी होगी और हम यहीं से बाहर जाएंगे। लेकिन जब वह समय पास आया तो मन में एक अलग—सी उदासी छायी थी।

वर्ष 2021, यह वह समय था जब मैंने अपने महाविद्यालय (राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर) में प्रवेश लिया था। उस वर्ष कोरोना नामक महामारी के बाद लगभग सभी शिक्षण संस्थान खुल गए थे। हमारी पढ़ाई सितम्बर माह में शुरू हुई थी। अपने मुख्य विषय के रूप में मैंने हिंदी को चुना था। जब महाविद्यालय में पढ़ाई शुरू हुई तब लगता था कि अभी तो यहां से जाने में बहुत समय शेष है। जैसे—जैसे समय बीतने लगा मेरा महाविद्यालय से लगाव बढ़ता गया। जब मैं प्रथम वर्ष में थी तब ऐसा लगता था कि कब यह समय बीतेगा। स्वयं को नए वातावरण में ढाल पाना कठिन प्रतीत हो रहा था। लेकिन जैसे ही वार्षिक परीक्षा का समय निकट आया तो लगा कि समय इतनी जल्दी कैसे निकल गया।

वर्ष 2022 में जब मैं द्वितीय वर्ष की छात्रा थी तो महाविद्यालय के वातावरण में ढल चुकी थी। मुझे ऐसा लगता था कि मेरे महाविद्यालय ने मुझे वह सब दिया है जो मैं चाहती थीं। मुझे अपने महाविद्यालय में सहयोगी शिक्षक मिले, अच्छे दोस्त मिले। इसी तरह से समय बीतता गया और देखते ही देखते में वर्ष 2023 में तृतीय वर्ष की छात्रा हो गई थी। उस समय लगा कि समय तो रेत की तरह हाथ से फिसल रहा है। मेरा महाविद्यालय का तीन साल का सफर कुछ महीनों का रह चुका था। हमारे महाविद्यालय के शिक्षक जितने अच्छे स्वभाव के हैं उतने ही अच्छे से वे हमें पढ़ाते भी थे। शायद यही कारण है कि नियमित कक्षाओं में जाना और महाविद्यालय की गतिविधियों में भाग लेने के चलते ही समय इतनी जल्दी बीत गया। वर्ष 2024 के फरवरी माह में जब हमारी मध्यावधि परीक्षा हो रही थी उस समय एक जूनियर ने आकर कहा कि अब बतौर महाविद्यालय में आपका एक महीना ही रह गया है आगे ग्रेजुएशन के बाद आप क्या करोगे? उस समय अहसास हुआ कि मेरा महाविद्यालय का सफर तो खत्म होने की वाला है अब आगे, आगे क्या? उस वक्त मैंने अपने जूनियर से कहा कि मैं मास्टर्स करने की सोच रही हूँ। हालांकि उस समय मैं स्वयं संशय में थी कि आगे करना क्या है। फिर मैंने समय निकालकर सोचा कि आगे करना क्या है? मेरे मन में बार—बार एक ही ख्याल आ रहा था कि मुझे अपनी आगे की पढ़ाई तो हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से ही पूरी करनी है। मैं अपने हिंदी विषय के प्राध्यापक के व्यक्तित्व से प्रथम वर्ष से ही प्रभावित हूँ इसीलिए मैंने सोचा कि मैं अपनी मास्टर्स हिंदी विषय में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से ही पूरी करूँगी। उस दिन से मेरे मन में यह स्पष्ट था कि मुझे आगे क्या करना है और जीवन में क्या बनना है।

अप्रैल माह में हमारी वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई थीं। 2 अप्रैल को मेरा पहला पेपर था और 1 तारीख को मैं अपने फोन में बार—बार देख रही थी कि कहीं मेरा पेपर कैंसल तो नहीं हो गया है लेकिन ऐसा नहीं हुआ और 2 तारीख को मेरा पहला पेपर हुआ। 20 मई, 2024 यह वह दिन है जब मेरा महाविद्यालय से पढ़ाई का सफर पूरा हुआ क्योंकि इस दिन मेरी तृतीय वर्ष की अंतिम परीक्षा थी। कॉलेज के दिनों में न तो पढ़ाई का तनाव होता था और न ही भविष्य की चिन्ता। उस दिन ऐसा लगा कि जीवन के सबसे सुन्दर पल और सबसे सुन्दर यात्रा समाप्त हो रही है।

अपने महाविद्यालय से मैंने एक बात सीखी है कि यदि किसी भी काम को हम अनमने ढंग से करते हैं तो उस काम में हम सफल नहीं हो सकते। इसीलिए सभी काम मन लगाकर करने चाहिए ताकि परिणाम अच्छे मिले। महाविद्यालय के दिन किसी भी विद्यार्थी के जीवन के स्वर्णिम दिन होते हैं। ये दिन मुझे सिखा गए कि जीवन में हर पल को जीना चाहिए क्योंकि बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता। आज भी जब मैं उन दिनों को याद करती हूँ तो मेरे होठों पर मुस्कान आ जाती है। महाविद्यालय के वे दिन मेरे जीवन के सबसे खास दिनों में से एक हैं जो सदैव अविस्मरणीय रहेंगे।

**साक्षी**
**पूर्व छात्रा**

# Graduated from Govt. Degree College Ani

"My name is Nikhil Thakur, and I am graduated from Govt. Degree college Ani in April 2023. Reflecting on my time there, I feel grateful for the experiences that shaped both my personal and professional journey."

College was a significant chapter in my life that I look back on fondly. When I first arrived on campus, I was filled with a mix of excitement and nerves. It was my first taste of independence, and I had to quickly adapt to managing my own time. Balancing classes, studying, and social activities was a challenge, but it taught me valuable lessons about responsibility and organization.

Academically, college opened up a world of knowledge. I encountered a variety of subjects that sparked my interest and helped me discover my passions. Some professors were particularly inspiring, encouraging us to think critically and engage in meaningful discussions. I remember late-night study sessions with friends, where we would help each other understand complex topics and share our thoughts about life and future goals. Those moments not only strengthened our friendships but also deepened my understanding of the material.

Socially, college was a vibrant experience. I joined clubs and participated in campus events, which allowed me to meet people from diverse backgrounds. These interactions enriched my college experience and helped me develop a broader perspective on life. I made lifelong friends through shared experiences, whether it was studying together, attending parties, or simply hanging out in the dorms.

Of course, there were challenges too, like dealing with homesickness and the pressure of exams. But each obstacle taught me resilience and the importance of seeking support from friends. Overall, college was not just about academics; it was a time of personal growth and self-discovery. I emerged from those years with not only a degree but also lasting friendships and a deeper understanding of who I am.

**Nikhil Thakur**

# रास्ते वहीं और मैं उस पार

रास्ते वहीं और मैं उस पार..... से मेरा तात्पर्य है कि जिन रास्तों से होकर हम जाते हैं वह हमें हमारी राह तक तो छोड़ देते हैं परंतु हम उन्हें वहीं छोड़कर आगे निकल जाते हैं। अब ऐसा तो नहीं कहा जा सकता कि हम उन्हें वैसे ही पकड़ कर रखे। परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है। आज मैं जिन राहों की बात कर रहा हूँ वो है मेरा भूतपूर्व महाविद्यालय और मेरे गुरुजन। आज बेशक महाविद्यालय से उत्तीर्ण हो चुका हूँ पर मुझे आज भी ध्यान है कि जब 2020 को मैंने राजकीय महाविद्यालय आनी में प्रवेश लिया तो उस समय कोरोना जैसी महामारी से पूरा विश्व लड़ रहा था, तो पहले वर्ष मैं अपने महाविद्यालय में उतना नहीं रह पाया क्योंकि उस समय सारी कक्षाएं हमारी दूरसंचार के माध्यम से होती थीं, एक बात और रही कि जब मैं महाविद्यालय मैं प्रवेश हुआ तो मेरा व्यक्तित्व कुछ और था और निकलने के बाद कुछ और था जिसका प्रमुख कारण था मेरे गुरु आदरणीय श्रीमान निर्मल सिंह शिवांश जी का सानिध्य उनके व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित हुआ।

मुझे आज भी याद है कि कॉलेज के प्रथम वर्ष जब मुझे कॉलेज के माहौल में ढलने की परेशानी हो रही थी तो मैंने सर को कॉल की तथा उन्हें अपनी परेशानी बताई, सर ने बहुत विनम्र भाव से मुझसे वार्तालाप की तथा मुझे समझाया। उनकी वो बात मुझे आज भी याद है, उन्होंने कहा था कि...... कैलाश यह सब चीजें वक्त के तकाजे हैं, हमें इनका सामना करना है, डरना नहीं है! बस सामना करना है। become brave तभी तुम इनका सामना कर पाओगे जब डरोगे नहीं। उस समय मैंने अपना डर धीरे–धीरे कम किया और आगे बढ़ता गया फिर जैसे–जैसे कॉलेज चलता गया हम भी आगे बढ़ते गए फिर बाद में सर (NSS) के प्रभारी बने और साथ में हम भी दूसरे सत्र में आ गए थे और हमें भी NSS में रहने का मौका मिला, अगर कहूँ तो वो शायद मेरे जीवन का सबसे अच्छा निर्णय रहा होगा। हमें सर से सीखने का बहुत मौका मिला सर ने मझे बहुत मौके दिए मुझे हर तरह की जिम्मेदारियां देकर मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया सब कुछ सही चला था, फिर आता हैं वह समय जब NSS के स्पैशल कैंप लगते हैं उस समय हम 7 दिन तक लगातार कॉलेज में ही रहे उस समय में अपनी बात करूँ तो सर की वजह से मैंने अपना स्टेज करियर खत्म किया मुझे आज भी याद है कैंप का तीसरा दिन था हमारे बौधिक सत्र के मुख्यवक्ता पुलिस उप अधीक्षक (DSP) आनी श्री रविन्द्र नेगी जी थे और सर का मुझे आदेश होता है कि कैलाश तुम कल मंच संचालन देखोगे और साथ में याद दिलाया कि डर ऐसे ही खत्म नहीं होता पहले उसका सामना करो और फिर उसे हराओ। दूसरे दिन मैंने संचालन किया और पहली बार बहुत अच्छे से भी किया तथा उसके बाद आज तक मुझे स्टेज में जाने से कभी डर नहीं लगता। मैं उसके बाद नाटी के लिए गया बिना डरे तथा इतना निडर हुआ कि जब मैं विश्वविद्यालय के पहले सत्र की फ्रैशर पार्टी में गया तो उसमें भी मुझे मिस्टर फ्रैशर चुना गया वाद–विवाद चर्चा में भाग लिया तो उसमें भी पहला स्थान प्राप्त किया।

दूसरी अगर मुझे कोई बात सर की आज तक याद है तो वो है उनका विनम्र स्वभाव व नैतिकता मुझे आज भी याद है कि 2022 को जब मेरा स्वास्थ्य खराब हुआ और मैं बीमार हुआ था तो मैं शिमला 8 दिन तक रहा था सर ने मुझे 8 के 8 दिन तक फोन किया तथा मेरा हाल–चाल मुझसे जाना तथा मेरा मनोबल भी बढ़ाया। सर ने मेरा कॉलेज के समय हर तरह से सहयोग किया मुझे और अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए मुझे कॉलेज का स्टोर कीपर बनाया गया था जहां मैंने बहुत–सी चीजे सीखीं। सर ने मुझे इतना काबिल बनाया कि आपने जो लड़का शुरूआत में एक आत्मविश्वास रहित और डरा हुआ रहा था अंतिम सत्र में वह पूरे कॉलेज से बेस्ट वोलेंटियर चुना गया था थैंक्यू सर, आपने मुझे इस काबिल बनाया।

अगर दूसरा मैं कॉलेज में किसी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था तो वह मेरे दूसरे गुरु आदरणीय श्रीमान विनोद ठाकुर जी, डॉ॰ राम लाल नेगी जी थे, उन्होंने मुझे बहुत कुछ सिखाया उनके सानिध्य में मैंने इतिहास सोसाइटी में सचिव के रूप में कार्य किया था जोकि मुझे नया अनुभव दे गया तथा उन्होंने मुझे कई अन्य पुस्तकें भी भेंट की।

इसीलिए मैं कह रहा हूँ कि रास्तें वहीं और मैं उस पार उन्हीं रास्तों पर मैं चला और मुझे उस पार कर गए मैं क्या था और क्या बन गया। धन्यवाद गुरु जी मैं आपके सानिध्य में पढ़ा और आपका आशीर्वाद प्राप्त करने का मौका मिला आप हमेशा मेरे लिए प्रेरणा स्त्रोत रहोगे।

**कैलाश**
**पूर्व छात्र (सत्र 2020–2023)**

## राजकीय महाविद्यालय आनी में मेरी अनुभव यात्रा

राजकीय महाविद्यालय आनी में अध्ययन के दौरान मेरा पूरा कॉलेज जीवन ढेर सारी यादों का ताना–बाना रहा है जिसमें अनेक सुनहरे पलों की झलक देखने को मिलती है। कॉलेज में पढ़ाई की बात हो या कोई अन्य गतिविधियां हो अथवा किसी कार्यक्रम का आयोजन हो, इन सभी का अपने आप में बहुत बड़ा महत्व है तथा आनंददायक है। कॉलेज के सभी शिक्षक वर्ग निःसंदेह विद्यार्थियों के लिए एक अच्छे मार्गदर्शक हैं। मैंने तो अपने कॉलेज के दिनों में बिताएं हर एक पल को खुशी–खुशी बिताया है, फिर चाहे वो कोई कार्यक्रम हो अथवा सांस्कृतिक गतिविधियाँ, मैंने सभी गतिविधियों में भाग लिया है और आनंद अनुभव किया है।

इसके अलावा मैं सात दिवसीय एनएसएस शिविर में भी लगातार दो साल उपस्थित रहा हूँ जिसमें मैंने अनेक गतिविधियों में भाग लिया है। इस शिविर में फिल्ड वर्क के साथ–साथ अन्य गतिविधियों का भी आयोजन होता है। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। इसमें जहां एक ओर विद्यार्थियों में कार्य करने की प्रेरणा उत्पन्न होती है वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय चेतना का विकास भी होता है। मैंने दो साल इस शिविर में बहुत कुछ सीखा है तथा अपने सहयोगियों के साथ मिल–जुल कर इस शिविर का आनंद उठाया है। इस महाविद्यालय में अध्ययनरत रहते समय इसका अभिन्न अंग बनना मेरे लिए बहुत बड़े गौरव की बात है। मैं मानता हूँ कि मैंने यहां अध्ययन करते हुए बहुत कुछ सीखा है जिससे मेरे ज्ञान और व्यक्तित्व में काफी वृद्धि हुई है।

**साहिल वर्मा**

## राजकीय महाविद्यालय आनी मेरे लिए सिर्फ नाममात्र नहीं है

राजकीय महाविद्यालय आनी मेरे लिए सिर्फ नाममात्र नहीं, यह मेरे लिए एक प्रेरणा स्त्रोत हैं। वर्ष 2021 में जब मैंने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की तो उस समय माहौल ऐसा बन गया था कि अब आगे क्या करना है, तो मैंने भी औरों की तरह एक विकल्प चुना कि मैं कॉलेज जाऊँगा, तत्पश्चात कॉलेज चुनने की बारी आई तो हमारे गाँव से नजदीक महाविद्यालय आनी ही पड़ता है फिर मैंने आनी कॉलेज में एडमिशन ली। मुझे आज भी याद जब मैंने कॉलेज में एडमिशन ली और काउंसलिंग के लिए कॉलेज गया तो उस समय मैं काफी नरवस था और पूरी दुनिया में फैली कोरोना महामारी भी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई थी, जिस कारण से पूरे देश में मास्क पहनने का माहौल बना हुआ था। उस समय परिस्थितियां ऐसी बनी हुई थी कि मास्क खोलने में भी बहुत डर लगता था।

सितम्बर माह से हमारे महाविद्यालय में कक्षाएं शुरू हुई, शुरूआत में तो ऐसा लगा कि किस जगह में आ गया हूँ क्योंकि 12वीं तक जब स्कूल में थे तो इतनी स्वतंत्रता नहीं मिलती थी जैसे कॉलेज में गए तो एक आजादी–सी महसूस हुई। धीरे–धीरे महाविद्यालय में शिक्षकों के साथ अच्छी जान–पहचान हुई। द्वितीय वर्ष की एडमिशन के उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने का मौका मिला जिससे कि मुझे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर बहुत सीखने को मिला राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में आए हमारे रिसोरस परसन से भी मुझे बहुत–सी जानकारी मिली जो कि मुझे भविष्य में अपने जीवन में उपयोग में लानी है। समय के साथ मुझे महाविद्यालय आनी में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट का कमांडर बनने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ जिससे कि मुझे अपने व्यक्तिगत जीवन में और अधिक निखार देखने को मिला क्योंकि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से भी से मुझे कुछ ऐसी चीजे सीखने को मिली जो शायद ही मैं कहीं और जगह सीख पाता वर्ष 2024 में मेरी महाविद्यालय में 3 वर्ष पूरे करने के उपरांत तृतीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की जिसके पश्चात् मेरा महाविद्यालय का सफर खत्म हो गया।

ऐसे तो कहने के लिए सिर्फ ये 3 वर्ष थे लेकिन जो मेरा महाविद्यालय आनी से लगाव और यहां से मुझे जो सीखने को मिला और शिक्षकों का मेरे प्रति प्रेमभाव रहा यह मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

**गगन**

# मेरे कॉलेज जीवन का अनुभव

जीवन एक रोलर कास्टर की तरह है उतार–चढ़ाव और आश्चर्यों से भरा हुआ है। लेकिन जीवन की यात्रा सहज होती है, तो जीवन सुंदर होता है। कॉलेज जीवन भी उतना ही रोमांचक है। जहाँ हम रोलर कोस्टर की सवारी की तरह उतार–चढ़ाव का अनुभव करते हैं। मैं आनी कॉलेज में बिताई अपनी लाइफ को जीवन के सबसे यादगार सालों में से एक मानती हूँ। यह स्कूली जीवन से बिल्कुल अलग होता है। कॉलेज लाइफ हमें नए अनुभवों और उन चीजों से रू–ब–रू कराती है जिनसे हम परिचित नहीं थे। कॉलेज जीवन मेरे लिए एक यादगार समय है। हर कोई इतना भाग्यशाली नहीं होता कि कॉलेज जीवन का अनुभव कर सके, लेकिन जिन लोगों ने कॉलेज जीवन जिया है वे हमेशा समय को पीछे मोड़कर इसे एक बार फिर से जीने की इच्छा रखते हैं। कॉलेज लाइफ हमारे सामने बहुत–सी चुनौतियां लेकर आती है। कॉलेज जाकर हम अपरिचित चेहरों से भरी जगह पर पहुँच जाते हैं जहां हमें घुलने–मिलने की जरूरत होती है। कॉलेज जीवन का अनुभव वाकई ही अनोखा होता है। मेरे लिए कॉलेज लाइफ की सबसे खास यादें दोस्तों के साथ मस्ती करना और दोस्तों के साथ शरारतें करना। इसके अलावा मैं कॉलेज कैंटीन में दोस्तों के साथ बिताए गए समय को याद करती हूँ। कैंटीन में बैठकर हम सभी दोस्त एक साथ बैठकर खाना खाते थे और बातचीत का आनंद लेते थे।

कॉलेज जीवन स्कूली जीवन से बिल्कुल अलग होता है। कॉलेज जीवन हमें ज्यादा अनुभव देता है और ज्यादा आत्मविश्वास भी बनाता है। कॉलेज में हमारे शिक्षक दोस्त की तरह व्यवहार करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कॉलेज जीवन हमें स्कूली जीवन की तुलना में कई चुनौतियां देता है। अपने कॉलेज जीवन के अनुभव को याद करते हुए मेरे पास बहुत–सी प्यारी यादें हैं जिन्हें मैं हमेशा अपने पास संजोकर रखूँगी। कॉलेज के तीन साल मेरे जीवन के सबसे बेहतरीन साल रहें है।

**आँचल ठाकुर**

# Photo Album








**On Chair :** Sh. Gulab Dass Sharma (Jr. Asst.), Sh. Mahesh Thakur (Supdt.), Dr. N. L. Sharma (Principal), Sh. A. Narbu (Librarian), Sh. D.S. Chauhan (Sr. Asstt.), Sh. Manohar Lal (Clerk)

**Standing :** Sh Mangat Ram (Chowkidar), Sh. Gyan Chand (Sweeper), Sh. Tabe Ram (Peon), Smt. Kamala Devi (Peon), Smt. Namu Devi (Peon), Smt. Gaklu (Peon)


GOVERNMENT COLLEGE ANNI




FAREWELL
PARTY
MUSIC


















1st Prize - HPU Youth Festival Group-III



First Batch of Government Degree College, Ani - Session: 2006-2007

Printed at : Mohit Enterpriese, Rampur Bsr. Hello : 9418100094